परिवहन निगम में 21,700 पदों पर भर्ती की तैयारी

अवसर
हिन्दुस्तान जॉब्स

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम में खाली पदों पर भर्ती होने जा रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद निगम प्रशासन ने खाली पदों का ब्योरा तैयार किया है। निगम में क, ख, ग और घ वर्ग के करीब 21,700 पद रिक्त हैं। इन्हीं पदों पर भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शासन से दिशा-

निर्देश मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि 12 हजार बसों के संचालन और निगरानी के लिए 73 हजार कर्मचारियों की जरूरत है।

1989 के बाद रोडवेज में होने जा रही है सीधी भर्ती

9000 बसे है रोडवेज के पास खुद की, 3000 अनुबंधित

मानक के हिसाब से एक बस पर 7.41 कर्मचारियों की है जरूरत

वर्तमान में 18 हजार नियमित और 33 हजार संविदा मिलाकर कुल 51 हजार कर्मचारी तैनात हैं। इस लिहाज से 22 हजार के करीब खाली पदों पर भर्ती होनी है।

वर्तमान में पदों का ब्योरा

कितने कर्मचारियों की जरूरत है	55,000 (संविदा हटाकर)
कितने पदो पर भर्ती का प्रस्ताव भेजा	21,700
इस समय कितने अफसर-कर्मचारी तैनात	18,000
संविदा पर तैनात चालक और परिचालक	33,000

ये पद है खाली

- क वर्ग में प्रधान प्रबंधक के 22 पद
- ख वर्ग में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के 68 पद
- ग वर्ग में लिपिक संवर्ग के 4,610 पद खाली हैं
- घ वर्ग में चालक-परिचालक के 17,000 पद

“ शासन के आदेश पर खाली पदों का ब्योरा तैयार करके भर्ती के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा है। शासन की ओर से भर्ती के संबंध में दिशा-निर्देश मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।

धीरज साहू, एमडी, परिवहन निगम